वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

सितम्बर 14 – 21, 2022

हिन्दी सप्ताह समापन समारोह

वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद में 14 – 21 सितंबर, 2022 हिंदी सप्ताह मनाया गया। इस दौरान संस्थान में हिंदी रिक्त स्थानों की पूर्ति करना एवं श्रुतलेख की दो प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। डॉ. पंकज सिंह, वैज्ञानिक– सी एवं हिंदी प्रभारी ने हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के बारे में बताते हुए कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर श्री ई. वेण्कट रेड्डी, भा.व.से., कार्यालय प्रमुख महोदय द्वारा प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण किया गया– पहली प्रतियोगिता रिक्त स्थानों की पूर्ति करना में श्रीमती एमबीएस भारती, कनिष्ठ लिपिक, ने पहला स्थान और श्री. जी. विनय गौड़, तकनीशियन, ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरी प्रतियोगिता श्रुतलेख में श्री. जी. विनय गौड़, तकनीशियन, ने पहला स्थान, श्रीमती एन. अर्चना, कनिष्ठ लिपिक ने दूसरा स्थान, श्री. जी. मौनिका, तकनीशियन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में आगे बढ़ते हुए पिछले वर्ष में हिंदी के प्रचार- प्रसार हेतु जिन कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया उनको प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया जिसमें तीनों कर्मचारी श्रीमती एन. अर्चना, कनिष्ठ लिपिक, श्री. वरुण सिंह, तकनीशियन और श्री. जी. विनय गौड़, तकनीशियन के द्वारा किये गए कार्यालय वैज्ञानिकी कार्यों के निष्पादन को सराहा गया।

इस अवसर पर श्री ई. वेण्कट रेड्डी, भा.व.से., कार्यालय प्रमुख महोदय ने अपने विचार व्यक्त किये और श्री. प्रवीण एच चव्हाण, वैज्ञानिक – जी ने भी अपने विचारों को व्यक्त किया जिसके पश्चात डॉ. पंकज सिंह, वैज्ञानिक-सी , ने सभा गोष्ठी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

—— *** ——

प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण।

अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री ई. वेण्कट रेड्डी, भा.व.से., कार्यालय प्रमुख महोदय

अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री. प्रवीण एच चव्हाण, वैज्ञानिक – जी